भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2179
02 अगस्त, 2021 को उत्तर के लिए

लौह अयस्क का आयात

2179. श्री बालूभाऊ उर्फ सुरेश नारायण धानोरकर:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में लौह अयस्क के उत्पादन के बावजूद सरकार को इसका आयात करना पड़ता है;
(ख) यदि हाँ, तो देश में स्थापित सरकारी क्षेत्र और निजी क्षेत्र के इस्पात संयंत्रों द्वारा लोहे की माँग कितनी है;
(ग) क्या हम निजी क्षेत्र और पीएसयू की माँग के अनुसार अयस्क की आपूर्ति करने में सक्षम है;
(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इन इस्पात संयंत्रों को लौह अयस्क की आपूर्ति के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क) से (ङ): पिछले तीन वर्षों के दौरान लौह अयस्क के आयात, उत्पादन और आपूर्ति का विवरण निम्नानुसार है:

(मिलियन टन में)

मदें	2018-19	2019-20	2020-21*
लौह अयस्क का आयात	12.804	1.240	0.760
लौह अयस्क का उत्पादन	206.49	246.08	204.28
लौह अयस्क की माँग	177	175	166

[स्रोत: डीजीएफटी और जेपीसी/आईबीएम, * अनंतिम]

*****